दिनांक 22.01.2020 और 23.01.2020 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की छात्राओं को हरियाणा फिल्म समारोह के द्वारा हरियाणवी संस्कृति के प्रति जागृत करने के उद्देश्य से गोल्डन गैलेक्सी फरीदाबाद भ्रमण करवाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी की सद्प्रेरणा से महाविद्यालय में छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य और संर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री अनिल जैन के निमंत्रण पर महाविद्यालय की छात्राओं ने इस समारोह में भाग लिया। जनता टी.वी. और पिक्चर टाइम के सहयोग से पहले दिन सुल्तान और सुपर 30 व दूसरे दिन सांड की आँख और सिक्रेट सुपरस्टार जैसी प्रसिद्ध हिन्दी फिल्मों को प्रदर्शित किया गया। इस समारोह में महाविद्यालय के वाणिज्य व कला विभाग से डॉ. रितु, डॉ. शोभना गोयल, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. रेखा रानी, डॉ. डिम्पल, श्रीमती पूजा, सुप्रिया ढांडा, श्री सुभाष, श्रीमती प्रतिज्ञा चौधरी, श्रीमती ज्योति डागर, श्रीमती विनीता और श्री मोहित हुडा के साथ 334 (बी.ए. द्वितीय व तृतीय वर्ष, बी. कॉम तृतीय वर्ष) छात्राओं ने भाग लिया। कुछ छात्राओं ने सवांददाताओं के समक्ष इस कार्यक्रम के बारे में अपने-अपने विचार प्रकट किए। इस कार्यक्रम में हरियाणवी संस्कृति को दर्शाती हुई हिन्दी एवं हरियाणवी फिल्मों को बडे पर्दे पर दिखाया जा रहा है जो दर्शकों के लिए अपने आप में ही अनूठा अनुभव है। छात्राओं ने इन फिल्मों का पूरा आनन्द लिया। फिल्म के साथ-साथ छात्राओं के लिए जलपान की भी भरपूर व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई थी। इस तरह के समारोह हरियाणवी संस्कृति के प्रचार के लिए आयोजित किए जाने चाहिए।